## जनसुनवाई में सुनीं 181 आवेदकों की समस्याएं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कल कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 181 आवेदकों की समस्यायें सुनी।

इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, पीएम जनमन आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, पात्रता पर्ची जारी करने, संबल योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्राम सिराढाना के चिरोंजी ने



भूमि का पट्टा दिलाने, चाँद के वार्ड नंबर-11 निवासी अशोक पाटिल ने प्रधानमंत्री आवास योजना की रूकी हुई किस्त का भुगतान कराने, ग्राम केकड़ा की प्रेमवती अरेवा ने शासकीय भूमि व कुयें में किये गये अवैध अतिक्रमण हटाने, ग्राम महलपुर के आनंदराव पवार ने पुश्तैनी भूमि का हक व हिस्सा दिलाने की मांग की।

ग्राम कोटलबर्री के खड़कसिंग माण्डेकर ने पी.एम. किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, ग्राम उमरेठ वार्ड नंबर-15 की लता प्रजापति ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम सिंगोड़ी के चंद्रसिंह ने भूमि का सीमांकन करवाने, अमरवाड़ा के वार्ड नंबर-11 के मूलचंद पीपले ने आवासीय मकान का पट्टा पिता के नाम से स्थानांतरित कर पुत्र के नाम से जारी करने की मांग की।

ग्राम खिरसाडोह के सुरेश डेहरिया ने वृध्दा पेंशन दिलाने एवं छिंदवाड़ा नगर के वार्ड नंबर-48 पोआमा की रजनी सूर्यवंशी ने जाति प्रमाण पत्र बनाने, नगर के वार्ड नंबर-09 महारानी लक्ष्मीबाई खैरी भोपाल के उमेश कुमार डेहरिया ने निवासरत मकान का पट्टा दिलाने, ग्राम लिंगा की श्रीमती लक्ष्मी धुर्वे ने गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाने, वार्ड नंबर-09 कुकड़ा जगत मोहरली छिंदवाड़ा के रविसिंह राजपूत ने पिछले माह से वर्तमान माह तक का राशन दिलाने की मांग की।

गुलाबरा के वार्ड नंबर-43 के बिंदेश्वर खंडागड़े ने आकस्मिक अकाल मृत्यु होने पर मुख्यमंत्री सहायता कोष से सहायता राशि दिलाने, वार्ड नंबर-40 पाठाढाना की श्रीमती ललिता टांडेकर ने लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने, वार्ड नंबर-09 नई आबादी की मनीषा टेकाम ने निजी स्वामित्व की भूमि का सीमांकन करने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार, प्रभारी एडीएम अंकिता त्रिपाठी व संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई।

## प्रेस कॉम्पलेक्स के पास जाम रोकने पुलिस ने की चालानी कार्रवाई



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रेस काम्पलेक्स के पास प्रतिदिन जाम लगता था, रॉंग साईड आने वालों के कारण राईट से जाने वाले दो पहिया वाहन, चौपहिया वाहन न केवल जाम लगाते थे अपितु दुर्घटना के शिकार भी होते थे। इस संदंर्भ में यातायात पुलिस को अनेको बार अवगत कराया गया था किन्तु किसी कारणवश अथवा तीज त्यौहार के चलते बल की कमी के कारण कार्यवाही नहीं हो पाती थी। लेकिन मंगलवार 24 जून को यातायात पुलिस ने कार्यवाही की और जाम न लगे इसलिए रोकटोक के साथ चालानी कार्यवाही कर यातायात व्यवस्था बनाने का नायाब तरीका अपनाकर अंजाम दिया।

### सार-समाचार

## एक पेड़ मां के नाम एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया पौधरोपण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अग्रणी सामाजिक संस्था संकल्प वेलफेयर सोसाइटी एवं गणेश बिहार कालोनी के निवासियों द्वारा कालोनी के शिव मंदिर प्रांगण में बेलपत्र का पौधा लगाया साथ ही पौधा को संरक्षित करने उसकी देखरेख का जिम्मा भी कॉलोनीवासी ने लिया पौधारोपण के दौरान सभी ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण, स्वच्छता की शपथ भी ली। उक्त कार्यक्रम में समाजसेवी हरिशंकर सूर्यवंशी, अजय सराठे, दीपक पवार, राजेंद्र पवार, सचिव संदीप अग्निहोत्री, प्रवक्ता डॉ. डी.एस. चौरे, राजा कराड़े, श्री तिजारे, पंडित प्रकाश शुक्ला, शिवांश विश्वकर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था अध्यक्ष समाजसेवी चंद्रकांत विश्वकर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।


## नए कानून के लागू होने के एक वर्ष पूर्ण होने पर बच्चों के बीच पहुंचे थाना प्रभारी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नए भारतीय कानून के लागू होने का का 1 वर्ष पूर्ण होने पर मध्य प्रदेश शासन की ओर से चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के तहत लोगों के बीच जाकर थाना प्रभारी देहात गोविंद राजपूत एवं उनके अधीनस्थ स्टाफ द्वारा नए प्रावधानों के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया एवं नए कानून में आम जनता को दिए गए अधिकारों के संबंध में थाना प्रभारी देहात द्वारा आई.टी.आई. छिंदवाड़ा में बच्चों के बीच जाकर उनको जागरूक किया गया एवं नए कानून की बारीकियां के संबंध में जानकारी दी गई। जागरूकता अभियान के दौरान थाना प्रभारी देहात गोविंद राजपूत एवं आई.टी.आई. छिंदवाड़ा के प्राचार्य एवं उनका रहा स्टाफ की उपस्थिति रही।

## शैलेन्द्र मोरे को फिजिक्स में प्रकाश के उत्सर्जन पर पीएचडी अवार्ड

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिस छात्र ने लालटेन के प्रकाश में पढ़ाई करे और अपनी प्रतिभा के बल पर प्रकाश उत्सर्जन पर अपना शोध करे तो प्रतिभा इसी को कहते हैं। जिसने सरकारी स्कूल की टाट पट्टी पर बैठकर पढ़ाई की हो वह आज भौतिक शास्त्र के मूलभूत सिद्धांतों को कालेज के छात्रों को पढ़ाता हो। जिसने ग्रामीण परिवेश के रहकर अपने शैक्षिक योग्यताओं में विशुद्ध मेहनत के बल पर उत्कृष्टता हासिल की है।



ऐसे ही एक जुझारू छात्र शख्सियत पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा के भौतिक शास्त्र विभाग में प्राध्यापक शैलेन्द्र कुमार मोरे को मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भोपाल ने भौतिक शास्त्र में सिंथेसिस ऑफ टेल्यूराइड बेस्ड ग्लासेस कोडोपेड विद लेंथानाइड आयांश फोर कोल्ड भाइट लाइट एमिशन विषय पर पीएचडी की डिग्री से नवाजा है। अपनी प्राथमिक शिक्षा से लेकर परास्नातक शिक्षा तक लगातार टॉपर रहे शैलेन्द्र मोरे मूलतः लिंगा निवासी शिक्षक मां श्रीमती शकुन मोरे व पिता स्व. ज्ञानदेव मोरे के सुपुत्र हैं। शैलेन्द्र ने अपना शोध प्रो. यासीन लोने, रिसर्च डीन के निर्देशन में पूर्ण किया है।

## महिला सेवादल ने भी किया रानी दुर्गावती को याद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महिला सेवा दल जिला अध्यक्ष डॉ. शबाना यास्मीन खान ने बताया कि जिला मुख्य संगठक सेवादल सुरेश कपाले के निर्देशानुसार महिला सेवा दल द्वारा राजीव कांग्रेस भवन में महिला सेवा दल ने रानी दुर्गावती जी की पुण्यतिथि मनाई। सभी वक्ताओं ने उनकी जीवनी में प्रकाश डाला इनका जन्म 5 अक्टूबर 1524 में उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में कलिनसर किले में राजा कीर्ति देव सिंह के घर हुआ था उसे वक्त मुगलों का शासन था। वह साहसी वीर तथा धनुर्विद्या में निपुण थीं।

उनका विवाह गोंडवाना के राजा दलपत शाह से हुआ राजा की मृत्यु के बाद मुगल जब इनका राज्य अपने राज्य में मिलाने लगे तब इन्होंने अकबर से युद्ध किया एवं राजकीय शासन अपने हाथ में लिया क्योंकि उसे समय उनका बेटा 5 वर्ष का था उनकी सेना में गोंड, मुस्लिम एवं राजपूत सैनिक शामिल थे 26 वर्ष की आयु में राजपाठ संभाल जबलपुर में रानीताल, चेरीताल, आधार ताल बनवाया उनकी सेवा में 28000 घुड़सवार 1000 हाथी हजारों पैदल सैनिक थे 24 जून 1564 को इनकी वीरगति हुई। इस अवसर में मुख्य रूप से डॉक्टर शबाना यास्मीन खान, सिंधु यादव, सन्नो कुमरे, मनौती पाल, राम शीला ऊईके के संगीता बट्टी, सलीका करेयाम, मीनाक्षी यादव, पूजा पंद्राम, मनोरमा कपाटे, शिवकुमारी त्रिपाठी, सीता सरेयाम आदि उपस्थित थे।



## राज्य शूटिंग अकादमी के लिए टैलेंट सर्च 27 को

**बिछुआ, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य अकादमी में शूटिंग के प्रशिक्षण के लिए युवाओं का चयन छिंदवाड़ा में भी किया जायेगा। 27 जून को सुबह 9 बजे छिंदवाड़ा में चयन ट्रायल होगा। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अनुसार रायफल, पिस्टल, शाटगन खेल में मप्र राज्य खेल अकादमी में प्रवेश के लिए टैलेंट सर्च का आयोजन ओलम्पिक स्टेडियम छिंदवाड़ा में सुबह होगा। इसमें 13 वर्ष से 16 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ी चयन ट्रायल में भाग ले सकेंगे।

## कांग्रेस ने मनाया रानी दुर्गावती का 461वां बलिदान दिवस, प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** फूल नहीं चिंगारी है, वो गोंडवंश की नारी है के साथ गोंडवाना शासक भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध नारी, सम्मान की प्रतिमा व ममता की प्रतिमूर्ति थीं। रानी दुर्गावती मडावी गोंडवाना अंचल ही नहीं पूरे देश की शान है, उनका शौर्य, वीर गाथा आज भी अनुकरणीय और नारी शक्ति के गौरव व गरिमा का प्रतीक है।

रानी दुर्गावती वीरांगना ने अपने साम्राज्य की सुरक्षा एवं स्वतंत्रता और अस्मिता के लिए युद्ध भूमि को चुना और कई बार शत्रुओं को पराजित करते हुए 24 जून 1564 को अपनी मातृभूमि के लिए बलिदान दे दिया। आज राजीव भवन में आयोजित कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने उनके साहस और वीरता को याद कर ममता की प्रतिमूर्ति को शत्-शत् नमन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी समाज ने संकल्प लिया कि छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र में जितनी भी जमीन आदिवासी समाज की सामान्य वर्ग को बेची गई है उसके खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। आदिवासियों की जमीनों को नियम विरुद्ध गैर आदिवासियों को बेचा जा रहा है जिसके विरोध में आदिवासी समाज अविलम्ब कलेक्ट्रेट का घेराव करेगा। आदिवासियों के हक व अधिकार की लड़ाई कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ एकजुट होकर लड़ेगी ताकि आदिवासी समाज का हक व अधिकार पूरी तरह से सुरक्षित रहें, क्योंकि वर्तमान में आदिवासियों पर सर्वाधिक हमले हो रहे हैं जिसके लिए सरकार जिम्मेदार है।

आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने सर्वप्रथम मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ व जिला कांग्रेस परिवार की ओर से वीरांगना रानी दुर्गावती को शत्-शत् नमन किया।

उन्होंने अपने सारगर्भित उदबोधन में कहा कि रानी दुर्गावती ने मुगल शासकों से मुकाबला किया और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सम्पूर्ण न्योछावर कर दिया। भाजपा की सरकार में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार, अनाचार व दुराचार का जवाब महारानी दुर्गावती की भाषा में देने का समय आ चुका है।

पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती की तरह ना डरना है, ना ही झुकना है, उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन साहस और संघर्ष के साथ जिया। आदिवासी समाज व देशहित में अपने प्राणों को न्योछावर करने वाली वीरांगना से संघर्ष सीखने की आवश्यकता है। कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रामनारायण परतेती ने सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने आदिवासियों को जल, जंगल व जमीन का अधिकार दिया।

जमीनों को सुरक्षित रखने कानून लाया, किन्तु भाजपा की सरकार में उस कानून की धज्जियां उड़ाकर बेखौफ आदिवासियों की जमीनों को गैर आदिवासियों में बेची जा रही है। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम के मंच से चेतावनी देते हुए कहा कि इस पर जल्द रोक नहीं लगाई गई तो निकट भविष्य में उग्र आंदोलन होगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन धीरनशाह इनवाती ने किया।

## आदिवासियों को कांग्रेस में मिलेगा प्रभावी प्रतिनिधित्व : सुनील उइके

### मध्यप्रदेश सहित अन्य प्रदशों के सांसद, विधायकों, जनप्रतिनिधियों के साथ अहम बैठक आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सोमवार को 10 जनपथ, नई दिल्ली में लोकसभा के नेता विपक्ष राहुल गाँधी ने अखिल भारतीय आदिवासी काँग्रेस के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया के नेतृत्व में मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात एवं झारखण्ड के प्रमुख आदिवासी सांसदों, विधायकों एवं लोकसभा का चुनाव लड़े प्रत्याशियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक में श्री गाँधी ने आदिवासी नेताओं से साफ-साफ कहा कि काँग्रेस पार्टी आप लोगों को और अधिक प्रभावी प्रतिनिधित्व देने जा रही है, अब आप लोगों की जिम्मेदारी है कि आप आदिवासी समाज मे प्रभावशाली नेतृत्व को तैयार कर उन्हें आगे बढने का अवसर प्रदान करें।

जिससे कि आदिवसी समाज की समस्याओं को प्रभावी तरीके से सामने लाकर उन समस्याओं को हल कराने की दिशा में उचित कदम उठाया जा सके। उपरोक्त बैठक में छिन्दवाड़ा जिले की जुन्नारदेव विधानसभा के







विधायक सुनील उईके ने अपनी विज्ञप्ति में बताया कि राजीव गाँधी ने बैठक में सम्मिलित आदिवासी नेताओं को दो दो बार अपनी बात को विस्तार से रखने का अवसर देते हुए अपनी ओर से हमे बहुमूल्य मार्गदर्शन भी दिया और कहा कि आदिवासी भारत के पहले मालिक है, उनकी पीड़ा, समस्याओं और संघर्ष को समझकर उनके जल, जंगल, जमीन और अधिकारों पर हो रहे हमलों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए मैं हमेशा समर्पित हूँ।

गौरतलब है कि सोमवार को 10 जनपथ नई दिल्ली में अखिल भारतीय आदिवासी काँग्रेस के अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया के नेतृत्व में मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात एवं झारखंड के आदिवासी सांसदों, विधायकों एवं सांसद का चुनाव लड़े प्रत्याशियों ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गाँधी द्वारा बुलाई गई महत्वपूर्ण बैठक में शिरकत की जिसमे मध्यप्रदेश से डॉ. विक्रांत भूरिया के साथ पूर्व मंत्री मरकाम, प्रदेश आदिवासी काँग्रेस अध्यक्ष एवं बैतूल से सांसद का चुनाव लड़े रामु टेकाम एवं जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके शामिल थे।

बैठक के उपरांत एक ओर जहां मध्यप्रदेश के प्रतिनिधि मंडल ने श्री गाँधी को एक चित्र भेंट किया वही दूसरी ओर विधायक सुनील उईके ने उन्हें आदिवासी संस्कृति के प्रतीक पीला गमछा ओड़ाकर उनका सम्मान किया। राहुल गाँधी के साथ महत्वपूर्ण बैठक कराने के लिए प्रतिनिधि मंडल में सम्मिलत सभी आदिवासी नेताओं ने डॉ. विक्रांत भूरिया को धन्यवाद देते हुए उनका एवं राहुल गाँधी का आभार माना

# अतिक्रमण के नाम पर गरीब-बेरोजगारों को हटाना गलत : गुलाबी गैंग







**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में विगत् कई दिनों से शहर को देश में स्वच्छता में नंबर वन लाने की होड़ मची है, परंतु शहर को आज तक नंबर वन पर नहीं लाया जा सका। इसके लिये स्वयं प्रशासन जबावदार है, परंतु प्रशासन का गुस्सा विगत् एक माह से शहर के गरीब बेरोजगारों जो कि किसी तरह अपने-अपने परिवार का जीवन यापन करने बैंकों से ऋण लेकर किसी तरह से फुटपाथ पर अपना व्यवसाय कर रहे हैं, जिससे कि उनके परिवार का भरण-पोषण होता रहे, क्योंकि प्रशासन तो इन्हे रोजगार नहीं देता और शासकीय नौकरी आसानी से मिलती नहीं है।

बावजूद प्रशासन को ये फुटपाथ पर व्यवसाय करने वाले गरीब, बेरोगार शांति पूर्वक रोजगार करते नहीं देखे जाते, इसलिये उन्हे अतिक्रमण के नाम पर पुलिस पुलिस का सहारा लेकर बार.बार हटा दिया जाता है। गुलाबी गैंग कमाण्डर पूर्णिमा वर्मा ने आरोप लगाया कि नगर निगम कमिश्नर जो कि इन अतिक्रमणकारियों को हटाने की मुहिम चलाये हैं।

उनका स्वयं का बंगला ही अतिक्रमण में बना हुआ है, इसे क्यों नहीं हटाया जाता। वहीं एक ओर गुलाबी गैंग द्वारा शराब दुकानों को जिससे कि आमजन एवं परिवार का महिलाओं का जीना दूभर हो गया है।

इन शराब दुकान को हटाने का विरोध करने पर इनका संरक्षण किया जाता है, और गरीब, बेरोजगार जो कि किसी तरह पालन पोषण कर रहे और प्रशासन से किसी तरह का रोजगार नहीं, न ही भीख मांग रहे इसलिये इन्हे हटाना आसान है, और यदि शहर में अतिक्रमण हटाना है तो आज भी ऐसे स्थान हैं जहॉ धन्नासेठों ने अतिक्रमण किया है, अगर वास्तव में प्रशासन शहर को स्वच्छता में प्रथम स्थान पर लाना चाहता है तो सभी के साथ एक सा व्यवहार करें।

पूर्णिमा ने कहा कि कमिश्नर कहते हैं कि मुझे मिर्ची लगती है, दुकानों से मैं कहती हूॅ तुमको मिर्ची लगी तो हम क्या करें, आप बंगला बदलें, मैं गरीबों के चूल्हे नहीं बुझने दूंगी। व्यवस्थापन के पहले अब शहर की कोई दुकानें नहीं हटेगी, इसके लिये गुलाबी गैंग मोर्च के लिये तैयार है।

उन्होनें आरोप लगाया कि शराब दुकानों नहीं हटाई जाती इनसे, इनको पैसा मिलता है, उनसे गरीबों से कुछ नहीं मिलता, इसलिये टारगेट इनको करते हैं, ये तानाशाही मैं चलने नहीं दूंगी और अब प्रशासन अतिक्रमण हटाना बंद नहीं करता है और इन गरीबों को हटाया जाता है तो गुलाबी गैंग खुलकर इसका विरोध करेगी जिससे होने वाली अनहोनी के लिये स्वयं प्रशासन जबावदार होगा ।

## खंडवा तक पौने चार सौ किमी की पदयात्रा करेंगे सांसद विवेक साहू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा के निवासियों की सुख समृद्धि और शांति के लिए सांसद बंटी विवेक साहू छिन्दवाड़ा से पांढुर्णा होते हुए खंडवा तक पौने चार सौ किलोमीटर की पदयात्रा करेंगें। सांसद अपने चौथे संकल्प को पूरा करने के लिए 26 जून से 13 दिन की पदयात्रा शुरू करेंगे। इस 13 दिवसीय पदयात्रा के दौरान सांसद श्री साहू बारिश के मौसम में पचासों गांव एवं घने जंगलों से होते हुए अपने दृढ़ संकल्प के साथ इस पदयात्रा को पूरा करेंगें।



सांसद ने इसके पूर्व उनके पहले संकल्प में छिन्दवाड़ा से जामसांवली तक 61 कि.मी., दूसरे संकल्प में भूराभगत से महादेव मंदिर तक 17 कि.मी. की चढ़ाई एवं 17 कि.मी. की वापसी कुल 34 किमी एवं तीसरे संकल्प में छिन्दवाड़ा से सिहोरामाल में स्थित रामेश्वर धाम 22 किमी तक पदयात्रा की थी। इन पदयात्राओं में भी सांसद श्री साहू ने जिलेवासियों के लिए सुख समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की थी।

सांसद श्री साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत छिन्दवाड़ा से जुन्नारदेव एवं सिंगोड़ी के गावों में करीब 125 किमी की पदयात्रा करते हुए ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनते हुए उन्हें शासन की योजनाओं की जानकारी दी थी। सांसद छिन्दवाड़ा से खंडवा तक की पदयात्रा के पूर्व 26 जून को उनके निज निवास के सामने स्थित हनुमान मंदिर से खंडवा दादाजी दरबार में भेंट करने के लिए ले जाये जा रहे निशान की विधि विधान से पूजा अर्चना करेंगे। वे इस निशान को धारण कर अपनी पदयात्रा की शुरूआत करेंगे।

## सार-समाचार

### भगवान जगन्नाथ की यात्रा 27 को, होगा भव्य स्वागत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** परंपरागत जगन्नाथ यात्रा का आयोजन 27 जून 2025 को दोपहर 12:00 से पुराना पावर हाउस छोटी बाजार से प्रारंभ होकर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर टाउन हॉल पर विश्राम लेगी। इस यात्रा के मार्ग में जगह-जगह सभी समाज के संगठनों महिला संगठनों एवं धार्मिक संगठनों के द्वारा भगवान जगन्नाथ जी का पूजन अर्चन एवं यात्रियों का स्वागत किया जाएगा।

इसके लिए लक्ष्मी नारायण मंदिर टाउन हॉल में बैठक आहुत की गई में सभी धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने संकल्प दोहराया कि जिस प्रकार हम प्रतिवर्ष भगवान जगन्नाथ की यात्रा का स्वागत करते हैं उससे भी बढ़कर सभी लोग माता बहने धार्मिक बंधु सम्मिलित होकर इसे बड़ी धूमधाम के साथ में हम भगवान का रथ खेजेंगे और इस यात्रा में सम्मिलित होकर अपने जीवन को धन्य बनाएंगे सब ने कहा कि भगवान जगन्नाथ के सामने पूरा जगत हाथ पसारता है और भात खाता है।

इस बैठक में मुख्य रूप से पंडित राजेश शर्मा स्वदेशी, पंडित विजय आनंद दुबे, राजेंद्र आचार्य, पंडित स्पदन दुबे, आदित्य कजार, हरिओम तिवारी, प्रमोद कुमार सोनी, कुणाल पहाड़ी, देवेश कोलेकर, लक्ष्मी नारायण मंदिर पुजारी, अजय शर्मा इस यात्रा की जानकारी देते हुए श्री शर्मा एवं दुबे ने बताया कि पारंपरिक जगन्नाथ यात्रा का मुख्य रूप से विप्र पुरोहित सेवा संगठन, ब्रह्म समाज कल्याण मंडल, मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ, साहू समाज, मालवी समाज, चौरसिया समाज, गुप्ता परिवार, सोनी परिवार, ताम्रकार परिवार, शैलपुत्री मंदिर समिति, राम मंदिर समिति, बड़ी माता मंदिर समिति, रामायण मंडलो एवं माता बहनों के भजन मंडल ब्रह्म समाज महिला मंडल आदि अनेक और अन्य सभी समाजों धार्मिक संस्थाओं के द्वारा इस यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा एवं यात्रा में सम्मिलित होकर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।



### नालों की सफाई करने की मांग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर छिन्दवाड़ा के वार्ड नम्बर 41 में बने नाला नालियों को साफ करने के लिए क्षेत्रवासियों ने नगर पालिक निगम, वार्ड पार्षद एवं वार्ड मोहर्रिर, वार्ड जमादार से मांग की गई लेकिन आज तक कोई सफाई नहीं हुई। पानी गिरने के कारण नालों से काफी संख्या में सर्प एवं अन्य कीड़े मकोड़े निकलकर घरो में आ जाते है जिससे क्षेत्रवासी चिंतित और भयभीत नजर आ रहे है। नगर पालिक निगम के आयुक्त से ध्यान देने की मांग की गई है।

### तहसीलदारविहीन भगवान भरोसे चल रही तहसील उमरेठ

**परासिया, देशबन्धु।** जिले की तहसील उमरेठ इन दिनों बिना तहसीलदार के भगवान भरोसे चल रही है। इस तहसील में उमरेठ, पटपड़ा और मोरडोंगरी तीन राजस्व निरीक्षक मण्डल हैं पूर्व में इस तहसील में दो तहसीलदार की पदस्थापना थी तहसीलदार मोनिका विश्वकर्मा के मातृत्व अवकाश पर चले जाने एवं नायब तहसीलदार रविन्द्र पारधी के अन्य विभाग में स्थानांतरण हो जाने के चलते यह तहसील अधिकारी विहीन हो गयी गई हालांकि दोनों पदों पर अन्य तहसील के प्रभारी तहसीलदार नियुक्त किये गये हैं।

### जिला निगरानी समिति गठित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरसिंहपुर शीतला पटले ने सभी दिव्यांग व्यक्तियों के सुगम्य और समावेशी चुनाव प्रक्रिया के लिए जिले में किये जा रहे उपायों की निगरानी और मूल्यांकन करने के लिए सुगम्य चुनाव एवं जिला निगरानी समिति- डीएमसीएई का गठन किया है।

# रीजनल इंडस्ट्री स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉनक्लेव का आयोजन 27 को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रीजनल इंडस्ट्री स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉनक्लेव का जिला स्तरीय कार्यक्रम आगामी 27 जून 2025 को एफ.डी.डी.आई. (फुटवेयर डिजाईन एंड डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट) छिंदवाड़ा में प्रात: 11:00 बजे से किया जा रहा है।

राज्य स्तरीय रीजनल इंडस्ट्री स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉनक्लेव रतलाम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित है जिसका सीधा प्रसारण जिला स्तरीय कार्यक्रम में भी किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी भी प्रदाय की जाएगी, स्थापित नवीन औद्योगिक इकाईयों को सिंगल क्लिक के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदाय की जाएगी, विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाएगें तथा स्वरोजगार/रोजगार मूलक योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों को हितलाभ वितरण एवं सफल उद्यमियों की कहानी का प्रदर्शन किया जाएगा।

## एडीएम ने ली बैठक



जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में प्रभारी अपर कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के सभी योजना मूलक विभागों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर त्रिपाठी द्वारा 27 जून 2025 को आयोजित होने वाले रीजनल इंडस्ट्री स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉनक्लेव के संबंध में समस्त विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा बैंकों को अधिक से अधिक ऋण वितरण कराने के लिए निर्देशित किया गया। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिंदवाड़ा आर.एस. उईके द्वारा आयोजन के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों से आवश्यक सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की गई।

जिले के अधिक से अधिक उद्यमियों से इस कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की गई है। सभी इच्छुक उद्यमी कार्यक्रम में उपस्थित होकर विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और लाभ उठा सकते हैं।

# दूरस्थ ग्राम चिलक और मणि पहुंचे कलेक्टर



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कल 24 जून को जिले के दुर्गम अंचलों में शामिल जिले के विकासखंड हर्रई के दूरस्थ ग्राम पंचायत चिलक और मणि का आकस्मिक दौरा किया। उनके साथ जिला पंचायत सीईओ अग्रिम कुमार भी उपस्थित रहे।

पी.एम.जनमन के अंतर्गत इन ग्राम पंचायतों में संचालित योजनाओं और सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, आंगनवाड़ी केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र जैसी आवश्यक सेवाओं का स्थल पर निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना, आंगनवाड़ी केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य सार्वजनिक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने आंगनवाड़ी की ध्वस्त इमारत को (डिस्मेंटल बिल्डिंग) को शीघ्र पूर्ण कर चालू करने के निर्देश दिएए ताकि बच्चों को समुचित सुविधाएं मिल सकें।

इस अवसर पर उन्होंने चिलक के ग्रामीणजनों से सीधा संवाद कर राशन वितरण की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली, क्या राशन समय पर और सही मात्रा में मिल रहा है या नहीं, इसकी पुष्टि की। इसके साथ ही ग्राम पंचायत मणि में भी उन्होंने ग्रामीणों की समस्यायें सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये नवाचार के लिए ग्रामीणों ने कलेक्टर का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया।

# गोंडवाना समग्र विकास क्रांति आंदोलन ने सौंपा ज्ञापन





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 24 जून 2025 को संपूर्ण गोंडवाना समाज वीरांगना महारानी दुर्गावती मंडावी के बलिदान दिवस को आदिवासी स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर बलिदान के पश्चात गोंडवाना समग्र विकास क्रांति आंदोलन की सभी ईकाइयों की ओर से अनेक जनमुद्दों का ज्ञापन राज्यपाल के नाम सौंपा गया।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से आदिवासी बेटियों पर बढ़ते अत्याचार की रोकथाम हेतु विशेष समिति का गठन, म.प्र. शासन एक राज्य स्तरीय विशेष अनुसंधान समिति बनाए जो आदिवासी महिलाओं पर हो रहे अपराधों की निगरानी करे, हर जिले में केस ट्रैकिंग और पीड़ित पुनर्वास तंत्र विकसित करे।

अत्याचार निवारण अधिनियम की समीक्षा समितियों का गठन प्रत्येक जिले में कर त्रैमासिक समीक्षा समितियों का पुनर्गठन हो, जिनमें जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के सदस्य और पीड़ित संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए। आदिवासी बेटियों से धोखे से विवाह व भूमि हड़पने की घटनाओं पर विराम एवं ऐसे मामलों में विशेष धाराएं जोड़कर आरोपी व्यक्तियों पर गंभीर दंडात्मक कार्रवाई हो।

गैर-आदिवासी को भूमि अंतरण से पूर्व आदिवासी कमेटी की अनिवार्यत: जिले के किसी भी आदिवासी भूमि के अंतरण से पूर्व जनजातीय प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और ग्राम सभा की अनुमति को बाध्यकारी बनाया जाए। गैर- जनजातीय से विवाह करने वाली आदिवासी महिला के आरक्षण अधिकार समाप्त हों इस संबंध में मध्य प्रदेश शासन द्वारा नवीन नीति विधेयक प्रस्तावित कर आरक्षण के दुरुपयोग को रोका जाए।

वीरांगना महारानी दुर्गावती प्रतिमा के पास महाराज दलपत शाह की प्रतिमा की स्थापना, नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा आवश्यक प्रस्ताव पारित कर बजट आवंटित किया जाए। पेसा व पाँचवीं अनुसूची के अधिकारों का विस्तार व क्रियान्वयन संबंधित ग्राम पंचायतों में बहुस्तरीय ग्राम स्वराज, ग्राम सभा शक्तियों और राजस्व, वन प्रशासन के विकेन्द्रीकरण की कार्यवाही हो। वनाधिकार, देवस्थान एवं देवठान की राजस्व मान्यता सभी पारंपरिक आदिवासी देवस्थानों को देवठान मद में दर्ज किया जाए व अतिक्रमण हटाकर सांस्कृतिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। एट्रोसिटी एक्ट में गिरफ्तारी प्रावधान पुन: लागू हो 2018 के सुप्रीम कोर्ट निर्णय को पलटते हुए केंद्र द्वारा किया गया संशोधन लागू हो और पुलिस को सीधे गिरफ्तारी का अधिकार रहे। फर्जी जाति प्रमाण पत्र पर सख्त कार्रवाई हो जिला जाति सत्यापन समिति को पुन: सक्रिय किया जाए व दोषियों पर न्यायालयीन व प्रशासकीय कार्रवाई हो।

छिंदवाड़ा में आदिवासी बेटियों के लिए विशेष खेल परिसर प्रत्येक विकासखंड स्तर पर आदिवासी कन्या खेल प्रशिक्षण कें की स्थापना हो। छात्रावासों में पढ़ने वाली बेटियों हेतु सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण सभी आदिवासी छात्रावासों में कराटे, आत्मरक्षा व मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाए। आदिवासी छात्रों को गोंडवाना इतिहास से जोड़ने हेतु पाठयक्रम संशोधन छात्रावासों में गोंड, भील, बैगा, कोरकू आदि जनजातियों के महापुरुषों का इतिहास अनौपचारिक शिक्षा में शामिल किया जाए। आदिवासी महापुरुषों की प्रतिमाएं व सांस्कृतिक स्थल राजस्व रिकार्ड में दर्ज हों, सांस्कृतिक धरोहर स्थल के रूप में रिकार्डिंग हो और उसके आसपास के अतिक्रमण हटाए जाएं। बड़े जलाशय एवं बांध तथा टाईगर जोन या रिजर्व फारेस्ट के उपयोग के लिये अधिग्रहित की जाने वाली भूमि के भूमिस्वामियों या उनके आश्रितों को मुआवजे के स्थान पर जीवन पर्यन्त प्रतिवर्ष 40 प्रतिशत रायल्टी की राशि देने का प्रावधान किया जावे।

जिला जेल छिंदवाड़ा में हिरासत के कैदी रामभाऊ उइके निवासी पॉढुर्णा की मृत्यु के एवज में एक करोड़ की मुआवजा राशि परिवार के आश्रित को शासकीय विभाग में स्थायी नियुक्ति प्रदान की जावे। राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय का नाम आंशिक रूप से संशोधित कर महाराजा शंकरशाह करने, सिद्धि विनायक वार्ड नं. 10 खापाभाट डीजल पंप के पास नरसिंहपुर रोड छिन्दवाड़ा में भी दबंग गैर आदिवासी भू-माफिया द्वारा खसरा नंबर 60/1 रकबा 0.405 हेक्टेयर जमीन आदिवासी महिला विक्रेता श्रीबाई ककोड़िया पति रामभगत ककोड़िया निवासी ग्राम बोहता वार्ड क्रमांक 16 के नाम से क्रेता उषा उईके पति अनिल उईके के नाम से 88 लाख रूपये में खरीदी गयी एवं 38 लाख रूपये नगद एवं शेष राशि 50 लाख रूपये के 5 पांच चैक अलग-अलग बैंकों के नाम से दिये गये हैं। जिसमें रजिस्ट्री के पश्चात् तीन माह का समय दिया गया था नहीं तो तीन माह की समयावधि समाप्त होने के उपरांत रजिस्ट्री शून्य हो जायेगी ऐसा रजिस्ट्री में दर्ज किया गया हैं एवं तीन माह की निश्चित अवधि में देने के पश्चात कब्जा लेने के लिये लिखित रूप से वचन पत्र रजिस्टर्ड किया गया तदुउपरांत जमीन की रजिस्ट्री कर दी गयी किन्तु अब दबंग गैर आदिवासी भूमाफियाओं द्वारा गुंडई की जा रही है।